[This question paper contains 4 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 274 **F** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code : 205339

Name of the Paper : Hindi–A

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (9+9=18)

(क) तुम्हारा वह अभिनन्दन दिव्य और उस यश का विमल प्रचार।
सकल वसुधा को दे संदेश, धन्य होता है बारम्बार।
आज कितनी शताब्दियों बाद, उठी ध्वंसों में वह झंकार।
प्रतिध्वनि जिसकी सुने दिगन्त, विश्व वाणी का बने विहार।

(i) प्रस्तुत उद्धरण के कवि और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) विश्व वाणी से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(iii) यहाँ कवि किसके अभिनंदन की बात कर रहा है ?

(ख) लेकिन पुरुष की पूँजी के लिए उत्तराधिकारी का क्या होगा ? एक तरफ पुरुष को उत्तराधिकारी पाने के लिए विवाह करना जरूरी है और दूसरी तरफ स्त्री को मान्यता पाने के लिए विवाह करना आवश्यक है। आर्थिक रूप से स्वावलंबी, संपन्न और स्वतंत्र ('तितली' या 'छिन्नमस्ता') स्त्री ही

ऐसे सामाजिक 'खतरे उठा सकती है, लेकिन अभी वे सिर्फ अपवाद हैं। फिलहाल विवाह संस्था एक अपरिहार्य नियम है और इस संस्था में स्त्री की स्थिति 'घरेलू गुलाम' से बेहतर नहीं है। परिवार में पुरुष वर्चस्व, स्वामित्व और नियंत्रण अभी भी कायम है। देते रहो 'दुर्ग द्वार पर दस्तक' कौन सुनता है ?

(i) प्रस्तुत उद्धरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) 'खतरे' शब्द से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

(iii) 'पुरुष को उत्तराधिकारी पाने के लिए विवाह करना जरूरी है' से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(ग) 'मेडिकल स्क्वाड ज़िन्दाबाद', 'डॉक्टर कुटे ज़िन्दाबाद' की आवाज़ों से मजदूरों ने एक दिन आसमान गुँजा दिया था। मैं सोचता हूँ कौन है यह कुटे ? कल जेल में था, कौन जानता था इसे! क्या यह मिल-मैनेजर का अतिथि होकर नहीं आ सकता था यहाँ ? लोग जिसे सुख कहते हैं वह क्या इसे नहीं मिल पाते ? किन्तु क्या कोई चाहता तब कि डॉक्टर अधिक जीवित रहे ? जो जनता के काम आता है वही मनुष्य है और मनुष्य जब स्वार्थ के परे लोक-कल्याण का प्रतीक हो जाता है तभी लोग उसे पसन्द करते हैं।

(i) प्रस्तुत उद्धरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) लेखक की नजर में 'मनुष्य' की परिभाषा क्या है ?

(iii) 'लोग जिसे सुख कहते हैं, वह क्या इसे नहीं मिल पाते ?' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (6+6=12)

(i) 'मुझे कदम कदम पर' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(मुझे कदम कदम पर)

(ii) 'पर्दा उठाओ! पर्दा गिराओ' शीर्षक की व्यंजना को स्पष्ट कीजिए।

(पर्दा उठाओ! पर्दा गिराओ)

(iii) 'भाषा बहता नीर' की उपमा के सन्दर्भ में लेखक का अपना दृष्टिकोण क्या है ?

(सामान्य शब्द और पारिभाषिक शब्द)

(iv) लेखक ने इलाहाबाद की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(अब नहीं आती पुलिस पर प्रियतमा)

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5+5+5=15)

(i) भाषा की परिभाषा देते हुए उसके अभिलक्षण लिखिए।

(ii) सभ्यता के विकास में भाषा की भूमिका का विवेचन कीजिए।

(iii) भाषा में परिवर्तन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

(iv) भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भाषा और समाज के अन्तःसम्बन्ध को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

अथवा

सामाजिक स्तर भेद भाषायी विविधता का कारण है - स्पष्ट कीजिए। (8)

(ii) भाषा के औपचारिक और अनौपचारिक प्रयोग पर विचार कीजिए।

अथवा

समाज में भाषाई विविधता और उसके महत्त्व पर विचार कीजिए। (7)

5. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5+5+5=15)

(i) पाँच तत्सम् तथा पाँच तद्भव शब्द लिखिए।

(ii) वाचक शब्द और वाच्यार्थ से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) निम्नलिखित के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अमीर, दोस्त, स्वाधीन, सार्थक, गलत ।

(iv) निम्नलिखित के दो–दो समानार्थी शब्द लिखिए :

जल, कमल, आग, हवा, गगन ।